# एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय : एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्पलेक्स,
7-इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003
कोर्पोरेट पहचान संख्या : L40101DL1975GOI007966, वेबसाइट : www.ntpc.co.in

## विज्ञापन सं. 03/21

एनटीपीसी लिमिटेड, 64,880 मेगावाट स्थापित क्षमता वाली भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कम्पनी है। हमारे देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी की 2032 तक 130 गीगा वाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना है।

अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना को गति देने के लिए, एनटीपीसी को **03 वर्षों की अवधि के लिए नियत अवधि आधार पर सुरक्षा, आईटी एवं सोलर पीवी** क्षेत्रों में अनुभवी प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है:

### क. कार्यपालक (सुरक्षा)–25 पद 03 वर्षों की नियत अवधि आधार पर

**योग्यताः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इलेक्ट्रिकल/सिविल/पावर इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ कारखाना अधिनियम/नियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय श्रम इंस्टीट्यूट/इंस्टीट्यूशन से इंडस्ट्रियल सेफ्टी में पूर्णकालिक डिप्लोमा या किसी राज्य के कारखाना अधिनियम/नियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ इंडस्ट्रियल सेफ्टी/फायर एवं सेफ्टी में पूर्णकालिक इंजीनियरिंग डिग्री।

**अनुभव प्रोफाइलः** कारखाना अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षा विनियमों के अनुपालन; सुरक्षा निरीक्षण का विकास एवं कार्यान्वयन/निगरानी एवं लेखापरीक्षा प्रणाली; सुरक्षा मानकों का कार्यान्वयन; रक्षात्मक सुरक्षा मानकों का लागू करने का कार्य अनुभव होना चाहिए। अच्छे समन्वयन कौशल के साथ सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण के आयोजन का अनुभव होने पर प्राथमिकता दी जाएगी।

**अपेक्षित अनुभवः** सुरक्षा के क्षेत्र में 03 वर्ष योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव जो किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट कम्पनी में हो। विद्युत उद्योग/विनिर्माण उद्योग में अनुभव होने पर प्राथमिकता दी जाएगी। (योग्यता पश्चात अनुभव की गणना इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त करने की तिथि से की जाएगी)।

**जॉब प्रोफाइलः** उम्मीदवार कारखाना अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षा विनियमों के अनुपालन सहित सभी सांविधिक अनुपालनों को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा। वह कारखानों में सुरक्षा प्रणाली का विकास, लेखापरीक्षा एवं सुधार; कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने एवं मशीनरी, उपकरण की जांच तथा सुरक्षा परिदृश्य का निर्माण; आपातकालीन प्रबंधक योजना तैयार करने; सुरक्षा प्रशिक्षण एवं अग्निशमन प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल के आयोजन, सुरक्षा प्रणाली के लिए विद्युत संयंत्रों में आपातकालीन संचालन या समय–समय पर सौंपें जाने वाले अन्य कार्य के लिए जिम्मेदार होगा।

**अधिकतम आयु सीमाः** 35 वर्ष

### ख. कार्यपालक (आईटी–डाटा सेंटर/डाटा रिकवरी)–08 पद 03 वर्षों की नियत अवधि आधार पर

**योग्यताः** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ कम्प्यूटर साइंस/आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन में इंजीनियरिंग डिग्री।

**अनुभव प्रोफाइलः** यूनिक्स ओएस, ओरेकल आरडीबीएमएस, नेटवर्क, विन्डो सर्वर, इंटरप्राइज स्टोरेज, डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन आदि का ज्ञान/अनुभव होना चाहिए। एसएपी का प्रायोगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अपेक्षित अनुभवः** आईटी हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम एवं डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन में 03 वर्ष योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव।

**जॉब प्रोफाइलः** उम्मीदवार को डाटा सेंटर में नाइट शिफ्ट सहित शिफ्टों में कार्य करना होगा तथा वह डाटा सेंटर के समग्र कार्यकलापों जैसे डाटा सेंटर में डीआर साइट के प्रतिकृति सहित सर्वर, स्टोरेज सिस्टम, टेप लाइब्रेरी आदि से शामिल ईआरपी/नॉन–ईआरपी की निगरानी एवं रखरखाव; एसएपी ट्रांसपोर्ट अनुरोध के लिए एंड–यूजर्स की सहायता, सौंपे गये कार्य को निपटाने एवं यूजर की शिकायतों का निपटान; डाटा सेंटर के इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे पीएसी, यूपीएस, एक्सेस कन्ट्रोल सिस्टम, एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम, अग्निशमन प्रणाली, सीसीटीवी आदि की निगरानी तथा मेंटीनेंस के मामले में जैसे ब्रेकडाउन/प्रिवेन्टिव, सिस्टम हार्डवेयर/फर्मवेयर/ओएस आदि में विभिन्न ओईएम के साथ समन्वयन के साथ ही डाटा सेंटर में नये सिस्टम की संस्थापना एवं कमीशनिंग के लिए जिम्मेदार होगा।

**अधिकतम आयु सीमाः** 35 वर्ष

### ग. वरिष्ठ कार्यपालक (सोलर)–01 पद 03 वर्षों की नियत अवधि आधार पर

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल में डिग्री। एम.टेक. डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अनुभव प्रोफाइलः** सिविल इंजीनियरिंग की दृष्टि से लेआउट एवं समग्र प्लांट सिस्टम के क्षेत्र में सोलर पावर सेक्टर क्षेत्र में संगत कार्य अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार भू–तकनीकी, टोपोग्राफिकल स्टडी तथा बैथीमीट्रिक सर्वे को समझने एवं व्याख्या करने, सोलर संसाधन विश्लेषण, प्रतिरूप विश्लेषण आदि, सोलर प्लांट साइट के लिए अवसंरचना सुविधाओं के विकास का मूल्यांकन, विस्तृत मद–वार ब्रेकडाउन एवं लागत अनुमान सहित वित्तीय मॉडलिंग, सोलर प्रोजेक्टों के लिए प्रस्ताव/बोली को समझना एवं उनका विकास तथा संस्थापन, जांच एवं कमीशनिंग कार्य के निष्पादन में सक्षम होना चाहिए।

**अपेक्षित अनुभवः** 10 वर्ष योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव जिसमें से न्यूनतम 5 वर्ष सोलर पावर सैक्टर में होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं/विद्युत क्षेत्र में परामर्शी कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**जॉब प्रोफाइलः**

उम्मीदवार अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय विकास टीम का भाग होगा तथा वह सोलर पीवी क्षेत्र में परामर्शी कार्यों/परियोजनाओं के लिए तकनीकी–वाणिज्यिक व्यवहार्य तथा लाभप्रदता निविदाओं को तैयार करने तथा कार्य के अनुवर्ती निष्पादन के लिए एनटीपीसी की विभिन्न भौगोलिक एवं अन्य कार्यरत समूहों में सहयोगियों के साथ मिलकर कार्य करेगा। वह तकनीकी विनिर्देशनों, डिजाइन दस्तावेजों के विकास, विस्तृत इंजीनियरिंग/डिजाइन समीक्षा का सम्पादन, परामर्श/परियोजनाओं के लिए लागत अनुमान तैयार करने एवं बोली प्रस्तावों को मजबूती प्रदान करने हेतु स्काउट एवं ऑन–बोर्ड एसोसिएट/कंसल्टेंट/ईपीसी ठेकेदारों से समन्वयन करेगा।

**अधिकतम आयु सीमाः** 45 वर्ष

### घ. विशेषज्ञ (सोलर)–01 पद 03 वर्षों की नियत अवधि आधार पर

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल में डिग्री। एम.टेक./एम.बी.ए. (या समकक्ष) डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अनुभव प्रोफाइलः** सोलर पीवी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए पीएमसी सलाहकार/स्वामी के इंजीनियर के रूप में इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी/डीपीआर/एफआर/प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग को तैयार करने, प्रबंधन, योजना एवं अग्रणी क्रॉस–कार्यात्मक टीम द्वारा सोलर पीवी परियोजनाओं के निष्पादन में संगत कार्य अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार निविदाओं को समझने एवं तकनीकी–वाणिज्यिक प्रस्ताव तैयार करने, सोलर पीवी साइटों के लिए विस्तृत तकनीकी सम्यक तत्परता एवं डेवलपर्स/प्राधिकरणों के लिए ट्रांजेक्शन स्ट्रक्चरिंग हेतु क्लाइंट के लिए रिपोर्ट एवं इनपुट तैयार करने, वाणिज्यिक समझौतों/दस्तावेजों के लिए तकनीकी/वाणिज्यिक इनपुट देने, बोली दस्तावेजों के तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप देनें तथा उपयुक्त सुरक्षा एवं शमन उपायों के लिए ईएंडएस जोखिमों की पहचान करने में सक्षम होना चाहिए।

**अपेक्षित अनुभवः** 18 वर्ष योग्यता पश्चात कार्यपालक अनुभव जिसमें से न्यूनतम 8 वर्ष सोलर पावर सैक्टर में होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं/विद्युत क्षेत्र में परामर्शी कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**जॉब प्रोफाइलः**

उम्मीदवार अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय विकास टीम का भाग होगा तथा वह सोलर पीवी परियोजनाओं के लिए जमा की जाने वाली निविदाओं/तकनीकी वाणिज्यिक प्रस्तावों के प्रबंधन/कंसल्टेंसी कार्यों तथा ऐसे कार्यों की रणनीति बनाने एवं उसे प्राप्त करने में एनटीपीसी की विभिन्न भौगोलिक एवं अन्य कार्यरत समूहों में सहयोगियों के साथ मिलकर कार्य करेगा। वह निविदा जमा से लेकर सोलर पीवी कार्यों यथा इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति, निर्माण, परियोजना प्रबंधन, अनुबंध को तैयार करने एवं उसका प्रबंधन, वित्तीय नियंत्रण, भूमि अधिग्रहण, स्वीकृतियां एवं अनुमोदन तथा विभिन्न स्टेकहोल्डरों के साथ सम्पर्क से संबंधित सभी परिचालन कार्यों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होगा।

**अधिकतम आयु सीमाः** 55 वर्ष

**मासिक क्षतिपूर्ति एवं लाभः**

**कार्यपालक (सुरक्षा) एवं कार्यपालक (आईटी–डाटा सेंटर/डाटा रिकवरी):** समेकित मासिक वेतन रु. 71,000/–

**वरिष्ठ कार्यपालक (सोलर) एवं विशेषज्ञ (सोलर)** – अनुभव की प्रकृति एवं तकनीकी दक्षता के अनुरूप।

इसके अलावा, चिकित्सा सुविधा एवं एचआरए/कम्पनी आवास प्रदान किया जाएगा। आधिकारिक यात्रा पर कम्पनी हवाई किराये के अलावा रहने एवं खाने की भी प्रतिपूर्ति करेगी।

**नियुक्ति की अवधिः** सभी पदों के लिए 3 वर्ष की नियत अवधि आधार

**आरक्षण**

| क्र.सं. | पद का नाम | अना | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक (सुरक्षा) | 13 | 02 | 06 | 03 | 01 | 25 |
| 2 | कार्यपालक (आईटी–डाटा सेंटर/डाटा रिकवरी) | 05 | – | 02 | 01 | – | 08 |
| 3 | वरिष्ठ कार्यपालक (सोलर) | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 4 | विशेषज्ञ (सोलर) | 01 | – | – | – | – | 01 |

उपरोक्त @ क्र.सं. 2 में वर्णित कार्यपालक (आईटी–डाटा सेंटर/डाटा रिकवरी) के पद के लिए दिव्यांगता का निर्धारित प्रकार हैं (क) लो विज़न (ख) डीफ एण्ड हार्ड ऑफ हियरिंग (ग) लोकोमोटर डिसएबिलिटी (ओए, ओएल, बीएल, ओएएल) सेरेब्रल पाल्सी, लेप्रोसी क्योर्ड, ड्वारफिस्म, एसिड अटेक विक्टिम्स, मस्क्यूलर डायस्ट्रोफी, ऑटिस्म एण्ड लर्निंग डिसएबिलिटी, (घ) क एवं ग का संयोजन एवं ख एवं ग का संयोजन।

### सामान्य शर्तें:

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव आवश्यकता/योग्यता की गणना विज्ञापन में वर्णित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से की जाएगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी से ईडब्ल्यूएस/ओबीसी(एनसीएल)/एससी/एसटी/डिसएबिलिटी प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। ऊपरी आयु सीमा में एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष तथा 01.01.80 से 31.12.89 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में मूल निवासी रहे उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की छूट है। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी। पद जहां पर एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए निर्धारित रिक्तियां हैं, वहां पर योग्यता पश्चात अनुभव के कुल वर्षों में 1 वर्ष तक छूट होगी। इसके अलावा, शैक्षणिक योग्यता में संबंध में आवेदन करने के लिए एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए केवल उत्तीर्ण अंक की आवश्यकता है।
5. आवश्यकता के अनुसार, कम्पनी के पास बिना किसी सूचना दिये तथा बिना कोई कारण बताएं एवं आवश्यकता पड़ने पर रिक्तियों की संख्या को निरस्त/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
6. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है, और जो विवरण प्रस्तुत किये गये हैं, वे सभी मामलों में सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लग जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या कि उसने कोई गलत जानकारी दी है या उसने किसी तथ्य को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी अपने आप रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त में से कोई भी कमी है तो नियुक्ति के बाद भी उसकी सेवाओं को बिना किसी नोटिस के समाप्त करने के लिए उत्तरदायी है। किसी भी प्रकार की सिफारिश करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
7. केवल इस तथ्य पर कि किसी उम्मीदवार ने विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया है और विज्ञापन में निर्धारित मानदंड को पूरा करता प्रतीत होता है, तो भी उसे निश्चित रूप से साक्षात्कार/आगे चयन प्रक्रिया में बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
8. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में और/या उसके प्रतिक्रिया में कोई आवेदन केवल दिल्ली में ही दायर किया जा सकता है और केवल दिल्ली में न्यायालय/अधिकरण/फोरम के पास ऐसे किसी कारण/विवाद के निराकरण के प्रयास करने का एकमात्र और विशेष अधिकार होगा।
9. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

### आवेदन कैसे करें:

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** पर कॅरियर्स सैक्शन को देखें। आवेदन का कोई अन्य साधन/विधि स्वीकार नहीं किया जायेगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होनी चाहिए। उम्मीदवारों को भेजी गई किसी भी ई–मेल के वापस आने के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क रु. 300/– का भुगतान करना है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी एवं महिला उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करना है।

**ऑफलाइन प्रक्रिया में भुगतानः** एनटीपीसी की ओर से भारतीय स्टेट बैंक को सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष तौर पर खोले गए खाते (खाता नं. **30987919993**) में पंजीकरण शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी को "भुगतान पर्ची" के प्रिंट आउट के साथ जो कि आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है, निकट की एसबीआई शाखा से संपर्क करना है। पोर्टल से मुद्रित भुगतान पर्ची को केवल आबंटित खाते में राशि को उचित तरीके से क्रेडिट करने के लिए शुल्क जमा कराने के लिए प्रयोग किया जाना है। राशि प्राप्त होने के बाद, बैंक एक विशिष्ट जर्नल संख्या और राशि प्राप्त करने वाले बैंक का शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल संख्या और शाखा कोड ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा भरे जाने हैं। यदि अभ्यर्थी किसी गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन प्रक्रिया में भुगतानः** उम्मीदवार के पास ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने का भी विकल्प होगा। ऑनलाइन भुगतान विकल्प वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से पूर्व भुगतान करना होगा। सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद चालान नम्बर, बैंक संदर्भ सं., भुगतान की तिथि आदि को ऑनलाइन आवेदन में भरा जाना है।

एक बार अदा किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अतएव अभ्यर्थियों से पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व अपनी पात्रता का सत्यापन कर लेने का अनुरोध किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा सृजित पंजीकरण स्लिप डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण स्लिप की प्रतिलिपि भविष्य के संदर्भ के लिए उम्मीदवार द्वारा रखा जा सकता है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पात्र उम्मीदवार विज्ञापन के पूर्ण विषय–वस्तु को पढ़ लें और पद के लिए आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों।

**ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ तिथिः 01.04.2021**

**ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथिः 15.04.2021**

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

adman

Size : 25x38 cms
For Employment News